# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद परिदर्श प्रश्न–पत्र
## विषय–हिन्दी पाठ्यक्रम 'अ'
## कक्षा–IX

समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 80

**निर्देश:**

- सुन्दर व स्पष्ट लेख लिखें।
- सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।
- प्रश्न पत्र के क्रमानुसार उत्तर देने का प्रयत्न करें।

(20)

**खण्ड – क**

**प्रश्न–1** नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छांटिए–

**मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में उसके मित्र भी होते हैं, शत्रु भी, परिचित भी, अपरिचित भी। जहॉं तक शत्रुओं, परिचितों और अपरिचितों का प्रश्न है, उन्हें पहचानना बहुत कठिन नहीं होता, किन्तु मित्रों का पहचानना मुख्यतः सच्चे मित्रों को पहचानना बहुत कठिन होता है। यह प्रायः देखा गया है कि एक ओर तो बहुत से लोग अपने–अपने स्वार्थवश सम्पन्न, सुखी और बड़े आदमियों के मित्र बन जाते हैं, या ज्यादा सही यह होगा कि यह दिखाना चाहते हैं कि वे मित्र हैं। इसके विपरीत जहॉं तक गरीब, निर्धन और दुखी लोगों का प्रश्न है मित्र बनना तो दूर रहा होगा लोग उनकी छाया से भी दूर भागते हैं। इसीलिए कोई व्यक्ति हमारा वास्तविक मित्र है या नहीं, इस बात का पता हमें तब तक नहीं लग सकता जब तक हम विपत्ति में न हों। विपत्ति में नकली मित्र तो साथ छोड़ देते हैं और जो मित्र साथ नहीं छोड़ते, वास्तविक मित्र वे ही होते हैं इसीलिए यह ठीक ही कहा जाता है कि विपत्ति मित्रों की कसौटी है।**

(1) मनुष्य कैसा प्राणी है ?

(क) सामाजिक (ख) मित्र (ग) अच्छा (घ) बुरा

(2) प्रायः लोग क्यों मित्र बन जाते है ?

(क) सम्पन्नतावश (ख) स्वार्थवश (ग) लोभवश (घ) अन्य कारण से

(3) सच्चे मित्र की पहचान कब होती है ?

(क) विपत्ति की घड़ी में (ख) सुख की घड़ी (ग) जानकारी में (घ) अन्य अवसर पर

(4) 'वास्तविक' शब्द में 'इक' क्या है ?

(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय (ग) मूल शब्द (घ) अन्य

(5) इस गद्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक चुनिए–

(क) मनुष्य (ख) समाज (ग) सच्चा मित्र (घ) मित्रता

**प्रश्न–2** नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िये और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प छांटिए–

**मानव जाति ने अपने उदभव काल से ही प्रकृति की गोद में ही जन्म लिया और उसी से अपने भरण पोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उपादान ही उसके जीवन और जीविका के एकमात्र साधन थे। प्रकृति ने ही मानव जीवन को संरक्षण प्रदान किया। रामचन्द्र, सीता व लक्ष्मण ने भी पंचवटी नामक स्थान पर कुटिया बनाकर वनवास का लम्बा समय व्यतीत किया था।**

**वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक प्रकार के लाभ उठाता है। उसने लकड़ी को ईंधन के रूप में प्रयुक्त किया। इससे मकान व झोपड़ियॉ बनाई। इमारती लकड़ी से भवन–निर्माण, कृषि यंत्र, परिवहन, जैसे रथ, ट्रक तथा रेल के डिब्बे तथा फर्नीचर आदि बनाए जाते हैं। कोयला भी लकड़ी का प्रतिरूप है। वृक्षों की लकड़ी तथा उसके उत्पाद जैसे–नारियल का जूट, लकड़ी का बुरादा, चीड़ की लकड़ी आदि विभिन्न वस्तुओं का प्रयोग फल, कॉच के बर्तन आदि नाजुक पदार्थों की पैकिंग के लिए किया जाता है।**

**इस प्रकार वृक्षों से विभिन्न प्रत्यक्ष लाभों के अतिरिक्त परोक्ष फायदे भी है। जीवन दायिनी ऑक्सीजन पेड़ों से प्राप्त होती है। वृक्षों के आधिक्य से बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है।**

(1) आदिकाल में मानव जीवन किस प्रकार आधारित था ?

(क) फल–फूल (ख) वन्य या प्राकृतिक उपादान (ग) कल–कारखाने (घ) कृषि यंत्र

(2) 'लकड़ी' का प्रतिरूप क्या है ?

(क) लकड़ी का बुरादा (ख) फर्नीचर (ग) कोयला (घ) नारियल का जूट

(3) वृक्षों से परोक्ष फायदा किसमें हो सकता है ?

(क) बाढ़ नियंत्रण (ख) फर्नीचर (ग) परिवहन (घ) भवन–निर्माण

(4) 'पंचवटी' का समास विग्रह है ?

(क) पॉंच वटों का समाहार (ख) पॉंच है वट जिसके (ग) पंच के लिए वटी (घ) पंच और वटी।

(5) इस गद्यांश का उपर्युक्त शीर्षक क्या है ?

(क) मानव जीवन (ख) पेड़–पौधे और हमारा जीवन (ग) पंचवटी

(घ) जीवन और जीविका

**प्रश्न–3** निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प छांटिएः–

(5+5=10)

निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम–स्थल।
जीव जहॉं से फिर चलता है,
धारण कर नव–जीवन–संबल।
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें,
श्रम से कातर जीव नहाकर।
फिर नूतन धारण करता है,
काया–रूपी वस्त्र बहाकर।

(1) कवि ने मृत्यु को क्या बताया है ?

(क) अच्छा (ख) विश्राम स्थल (ग) निर्भय

(2) 'जीव' से क्या तात्पर्य है ?

(क) मनुष्य (ख) आत्मा (ग) मन

(3) मृत्यु को एक सरिता क्यों बताया गया है ?

(क) मृत्यु नदी की भांति बहती रहती है

(ख) दोनों में जीव नहाता है।

(ग) दोनों में पानी होता है।

(4) काया रूपी वस्त्र कौन–सा अलंकार है ?

(क) उपमा (ख) रूपक (ग) अनुप्रास

(5) इस कविता की भाष कौन–सी है ?

(क) ब्रज (ख) अवधी (ग) खड़ी बोली

**प्रश्न–4** निम्नलिखित वाक्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

हम अनिकेतन, हम अनिकेतन
हम तो रमते राम हमारा क्या घर, क्या दर, कैसा वेतन ?
अब तक इतनी यों ही काटी, अब क्या सीखें नव परिपाटी ?
कौन बनाए आज घरौंदा, हाथों चुन–चुन कंकड़–माटी।
ठाठ फकीराना है अपना बाधांवर सोहे अपने तन।
देखे महल झोपड़े देखे हास–विलास मजे के
संग्रह के सब विग्रह देखें, जॅचे नहीं कुछ अपने लेखे।

(1) कवि स्वयं को क्या मानता है ?

(क) निकेतन (ख) अनिकेतन (ग) दोनों

(2) कवि का वेतन क्या है ?

(क) हॉ (ख) नहीं (ग) पता नहीं

(3) 'नव' का अर्थ है ?

(क) नई (ख) नौ (ग) नया

(4) कवि का ठाठ कैसा है ?

(क) फकीराना (ख) शानदार (ग) सामान्य

(5) 'संग्रह के विग्रह' का क्या अर्थ है ?

(क) जोड़ना (ख) लड़ना (ग) जोड़ने में लड़ाई

## खण्ड – ख (20)

**प्रश्न–5** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प चुनिए:–

(1) 'स्वागत' शब्द में किस उपर्स का प्रयोग हुआ है ? 1
(क) सु (ख) स्व (ग) स्वा

(2) 'दुर्दिन' में किस उपसर्ग का प्रयोग है ? 1
(क) दुर्दि (ख) दु (ग) दुर

(3) 'कृपालु' शब्द में किस प्रव्यय का प्रयोग हुआ है ? 1
(क) पालु (ख) लु (ग) आलु

(4) 'घरेलू' शब्द में किस प्रव्यय का प्रयोग हुआ है ? 1
(क) घर (ख) एलू (ग) लू

**प्रश्न–6**

(1) घर के अन्दर कुछ लोग बैठे हैं ? 1
(क) अनिश्चय वाचक सर्वनाम (ख) अनिश्चयवाचक विशेषण (ग) संज्ञा

(2) पॉच किलो दाल दीजिए– रेखांकित विशेषण का भेद बताइए ? 1
(क) गुणवाचक (ख) परिमाण वाचक (ग) संख्या वाचक

(3) मुझे बहुत बड़ी जमीन चाहिए। 'बहुत' कौन सा विशेषण है ? 1
(क) गुणवाचक (ख) परिमाण वाचक (ग) प्रविशेषण

(4) 'साहित्य' का विशेषण क्या होगा ? 1
(क) सोहित (ख) साहित्यवाद (ग) साहित्यिक (घ) अन्य

**प्रश्न–7**

(1) बच्चा हॅस रहा है –रेखांकित किया का भेद बताओ। 1
(क) अकर्मण
(ख) प्रेरणार्थक
(ग) सकर्मक
(घ) अन्य

(2) वह पत्र लिखता है। –रेखांकित का प्रेरणार्थक रूप होगा। 1
(क) लिखना
(ख) लिखेगा
(ग) लिखो
(घ) लिखवाता है

(3) 'साधु का स्त्रीलिंग रूप होगा। 1
(क) साधुवाइन
(ख) साधवी
(ग) साधी

(4) पशु से भाववाचक संबा क्या बनेगी ? 1
(क) पशुता
(ख) पशुत्व
(ग) पशुपन

**प्रश्न–8**

(1) 'बैठना' क्रिया का धातुरूप क्या है ? 1
(क) बैठ
(ख) बैठा
(ग) बैठो

(2) पेड़ से पत्ते गिरते हैं ? रेखांकित में कारक बताइए। 1
(क) कर्म
(ख) करण
(ग) अपादान

(3) कोई दरवाजा खटखटा रहा है रेखांकित में शब्द क्या है ? 1
(क) संज्ञा
(ख) सर्वनाम
(ग) विशेषण

(4) 'राजकुमार' में कौन–सा समास है ? 1
(क) अव्ययीभाव
(ख) तत्पुरूष
(ग) कर्मधारय

**प्रश्न–9**

(1) 'घोड़ा' का पर्यायवाची कौन सा नहीं है ? 1
(क) तुरंग
(ख) गज
(ग) अश्व
(2) दीर्घायु का विलोमार्थी शब्द है । 1
(क) अल्पज्ञ
(ख) दीर्घतर
(ग) अल्पायु

Zopykitab same textbooks, klick away

(3) अरे कौन आ गया। अर्थ के आधार पर इसका वाक्य भेद है– 1

(क) इच्छावाचक
(ख) संदेहवाचक
(ग) विस्मयवाचक

(4) रमेश चला गया। 'रमेश' वाक्य का कौन–सा अंग है ? 1

(क) उद्देश्य
(ख) विधेय का विस्तार
(ग) विधेय
(घ) अन्य

## खण्ड – ग (30)

**प्रश्न–10** निम्नलिखित एक गद्यांश के प्रश्नों के उत्तरों के सही विकल्प छॉटिए – (5)

**उन दिनों छुट्टियॉ थी। आश्रम के अधिकांश लोग बाहर चले गए थे। एक दिन हमने सपरिवार उनके दर्शन की ठानी। 'दर्शन' को मैं जो यहॉ विशेष रूप से दर्शनीय बनाकर लिख रहा हूँ, उसका कारण यह है कि गुरूदेव के पास जब कभी मैं जाता था तो प्रायः वे यह कहकर मुसकरा देते थे कि 'दर्शनार्थी' हैं क्या ? शुरू शुरू में उनसे ऐसा बंगला में बात करता था, जो वस्तुतः हिन्दी मुहावरों का अनुवाद हुआ करती थी। किसी बाहर के अतिथि को जब मैं उनके पास ले जाता था तो कहा करता था 'एक मद्र लोक आपनार दर्शनेर जरू ऐसे छेन'। यह बात हिन्दी में जितनी प्रचलित है, उतनी बंगला में नहीं। इसलिए गुरूदेव जरा मुसकरा देते थे। बाद में मुझे मालूम हुआ कि मेरी यह भाषा बहुत अधिक पुस्तकीय है और गुरूदेव ने उस 'दर्शन' शब्द को पकड़ लिया था। इसलिए जब कभी मैं असमय में पहूँच जाता था तो हॅसकर पूछते थे दर्शनार्थी लेकर आए हाक क्या ?**

(1) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया हैं ?

(क) एक कुत्ता
(ख) एक मैना
(ग) एक कुत्ता और एक मैना

(2) इस पाठ के लेखक का नाम क्या है ?

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(ख) जाकिर हुसैन
(ग) हरिशंकर परसाई

(3) गुरूदेव कौन हैं ?
(क) रवीन्द्रनाथ ठाकुर
(ख) कोई गुरूजी
(ग) यतीन्द्रनाथ ठाकुर

(4) 'एक मद्र लोक आपनार दर्शनेर जन्य ऐसे छेन' की भाषा कौन सी है ?
(क) हिन्दी
(ख) बांग्ला
(ग) संस्कृत

(5) गुरूदेव ने किस शब्द को पकड़ लिया था ?
(क) दर्शन
(ख) दर्शनार्थी
(ग) पुस्तकीय

**अथवा**

**प्रेमचन्द का एक चित्र मेरे सामने है पत्नी के साथ फोटो खिंचा रहे हैं। सिर पर किसी मोटे कपड़े की टोपी कुरता और धोती पहने हैं। कनपटी चिपकी है, गालोंकी हड्डियॉ उभर आई है, पर घनी मूँछे चेहरे को भरा–भरा बतलाती है।**

**पावों में केनवस के जूते हैं, जिनके बंद बेतरतीव बॉधें हैं। लापरवाही से उपयोग करने पर बंद के सिरों की लोहे की पतरी निकल जाती है और छेदों में बंद डालने में परेशानी होती है। तब बंद कैसे भी कस लिए जाते हैं। दाहिने पॉव का जूता ठीक है मगर बायें जूते में बड़ा छेद हो गया है। जिसमें से अंगुली बाहर निकल आई है।**

(1) प्रेमचन्द का चित्र किसके सामने है ?
(क) लेखक के
(ख) पत्नी के
(ग) फोटोग्राफर के

(2) चेहरा कैसा है ?
(क) पिचका
(ख) उभरी हड्डी
(ग) हरा–भरा

(3) जूते कैसे हैं ?
(क) केनवस के
(ख) चमड़े के
(ग) प्लास्टिक के

(4) फीतों की पतरी निकल जाने पर क्या दिक्कत होती थी ?
(क) छेदों में डालने में
(ख) बॉधने में
(ग) खींचने में

(5) किस पैर का जूता फटा है ?
(क) दाहिने पॉव का
(ख) बाएँ पॉव का
(ग) दोनों पॉव का

**प्रश्न–11** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए– ( 5X2=10)

(क) सालिम अली हर समय क्या लिए रहते थे और क्यों ?
(ख) सेनापति 'हे' ने जनरल आउटरम से क्या प्रार्थना की ?
(ग) छात्रावास में महादेवी वर्मा की भेंट किससे हुई ?
(घ) गुरूदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने क्या निश्चय किया ?
(ड़) प्रेमचन्द के स्वभाव की क्या कमजोरी थी ?

**प्रश्न–12** काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए– (5)

**कोहरे से ढकी सड़क**
**बच्चे काम पर जा रहें हैं**
**सुबह–सुबह**
**बच्चे काम पर जा रहे हैं**
**हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह**
**भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना**
**लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह**
**काम पर क्यों जा रहें हैं बच्चे** ?

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए ? 1
(ख) बच्चे किस समय, कहॉ जा रहे हैं ? 1
(ग) कवि ने किसे भयानक माना है ? 1

Kopykitab

(घ) कवि इस बात को किस रूप में प्रकट करना चाह रहा है ? 1
(ङ) इस कविता की भाषा कैसी है ? 1

**अथवा**

**बालू के सॉपों से अंकित**
**गंगा की सतरंगी रेती**
**सुन्दर लगती सरपत छाई**
**तट पर तरबूजों की खेती,**
**ॲगुली की कंघी से बगुले**
**कलंगी संवारते है कोई,**
**तिरते जल में सुरखाब पुलिन पर**
**मगरौठी रहती सोई।**

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए ? 1
(ख) गंगा की रेती कैसी है ? 1
(ग) तट पर क्या छाई है ? 1
(घ) बगुले क्या कर रहे हैं ? 1
(ङ) मगरौठी किसे कहते है ? 1

**प्रश्न–13**
(क) मॉ ने यमराज का वास कहॉ बताया था ? अब स्थिति में क्या परिवर्तन आ गया है ? 1
(ख) 'मेघ आए' कविता का प्रतिपाद लिखिए ? 2
(ग) 'ग्राम श्री' कविता में वसुधा कैसी लग रही है ? 2

**प्रश्न–14** किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए ? 5

'रीढ़ की हड्डी' एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है ? स्पष्ट करो।

**अथवा**

माता वाली को टिहरी शहर में क्यों और किस रूप में जाना पहचाना जाता है ?

Kopykitab Some textbooks, klick away

## खण्ड – घ

**प्रश्न–15** 'शुल्क मुक्ति के लिए अपने प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ? 5

**अथवा**

आपके मित्र को परीक्षा में शानदार सफलता मिली है। उसे बधाई पत्र लिखिए ?

**प्रश्न–16** किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 5

(क) iznw'k.k की समस्या
(ख) आतंकवाद की समस्या
(ग) कम्प्यूटर

Koopykitab Same textbooks, klick away